उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट– महाराणा प्रताप स्पोर्टर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 34 /गोपन/2026–27 दिनांकः 25 मई, 2026

विज्ञप्ति/प्रवेश–पत्र

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–75/उ0अ0से0च0आ0/2026 दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के अंतर्गत विज्ञापित **वाहन चालक/प्रवर्तन चालक** के कुल 72 पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोग द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम संख्या 389/परीक्षा–कार्यक्रम/2026–27 दिनांक 08 मई, 2026 के अनुसार दिनांक **31 मई, 2026 (रविवार)** को प्रातः **11:00 बजे से 11:30 बजे** तक एकल पाली में आयोजित की जा रही है।

सूच्य है कि लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक **25 मई, 2026** से आयोग की वेबसाइट <u>www.sssc.uk.gov.in</u> पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र पृथक (डाक, ई–मेल इत्यादि) माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र में लिखित दिशा–निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें साथ ही अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व प्रवेश–पत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्र का भ्रमण अथवा पता कर लें ताकि परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

(एन0एस0 डुंगरियाल)
सचिव।